राष्ट्र हित उद्योग हित श्रमिक हित

परिश्रमेण हि सिध्यंते कार्याणि न मनोरथैः

ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
&
ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

पत्रांक: ABOO_WO/2021/008

दिनांक: 30.04.2021

अति-आवश्यक

ईमेल के माध्यम से

सेवा में,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन
लखनऊ|

महोदय,

सम्पूर्ण प्रदेश में Covid महामारी को रोकने के संबंध में
आने वाले कर्फ़्यू शनिवार और सोमवार को बैंक की समस्त शाखाओं को बंद करने के संबंध में

जैसा कि विदित ही है कि सरकार द्वारा Covid महामारी को रोकने एवं संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए प्रदेश में आने वाले शनिवार से सोमवार तक कर्फ़्यू जैसा अच्छा निर्णय लिया गया है| हमें कई जिला प्रशासन द्वारा उक्त हेतु शनिवार एवं रविवार को जिले के सम्पूर्ण बैंक बंद करने हेतु सूचना प्राप्त हो रही है जो कि Covid महामारी के प्रसार एवं चेन को तोड़ने में एक क्रांतिकारी कदम है क्यूंकि बैंकों में समस्त प्रयासों के बावजूद भीड़ घटने का नाम नहीं ले रही है और जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में कई वरिष्ठ एवं युवा बैंकर्स की जान भी जा चुकी है एवं प्रतिदिन ही दुखद समाचार प्राप्त हो रहे हैं|

हमारी **आर्यावर्त बैंक** प्रदेश में अपनी 1300 से अभी अधिक शाखाओं के साथ प्रदेश के कुल 26 जनपदों **आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बहराइच, बांदा, बाराबंकी, चित्रकूट, एटा, फरुखाबाद, फ़िरोज़ाबाद, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, कन्नौज, कासगंज, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मिर्ज़ापुर, श्रावस्ती, सीतापुर, सोनभद्र तथा उन्नाव** में सेवा दे रही है| ग्रामीण बैंक पूरे प्रदेश की सुदूर ग्रामीण इलाकों में फैली हुई हैं कम स्टाफ के बावजूद पूरे उपलब्ध साधनों के साथ कार्य कर रही हैं| **ग्रामीण बैंकों में भीड़ कम होने का नाम ही नहीं ले रही जिस कारण हमारे बैंक के कई अधिकारी कर्मचारी Covid संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं और इसी बीच हमारे कई बैंक अधिकारी कर्मचारी covid संक्रमण के कारण अपनी जान से भी हाथ धो बैठे हैं** जिस कारण हमारी कई शाखाएँ केवल 2 कार्मिकों से कार्य कर रही हैं या तो बंद हैं| ऐसे में संक्रमण के प्रसार की अत्यधिक संभावना हो जाती है जो कि अत्यंत घातक है| **अतएव Covid के प्रसार को रोकने हेतु यह अतिआवश्यक है कि ग्रामीण बैंकों को भी उक्त कर्फ़्यू के दौरान बंद करने हेतु समस्त जिला प्रशासन एक रूपता से निर्णय लें ताकि वास्तव में Covid प्रसार पर पूरे प्रदेश में एक साथ चोट की जा सके व इसके प्रसार को रोका जा सके|**

अस्तु बढ़ते हुए Covid के संक्रमण को देखते हुए समस्त जिला प्रशासन को एक समान समस्त बैंकों को कर्फ़्यू के दौरान बंद करवाने हेतु निर्देश पारित करने हेतु हम अपील करते हैं|

भवदीय

[Pravin Kumar Singh]
General Secretary
Workers Organisation

[Lalit Singh]
General Secretary
Officers Organisation

प्रतिलिपि: 1. राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति को उपरोक्त अनुरोध के साथ|
2. जिला अधिकारी, आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बहराइच, बांदा, बाराबंकी, चित्रकूट, एटा, फरुखाबाद, फ़िरोज़ाबाद, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, कन्नौज, कासगंज, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मिर्ज़ापुर, श्रावस्ती, सीतापुर, सोनभद्र तथा उन्नाव को उपरोक्त अनुरोध के साथ|
3. समस्त LDM को जिला प्रशासन से संपर्क कर उपरोक्त अनुरोध पर आवश्यक कार्यवाही हेतु|

Dream India: Clean India, Green India

(भारत माता की जय)